कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-02.02.2025

विषयः- दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में वांछित अभियुक्त किशन चौहान थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोबाईल फोन बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0035/2025 धारा 376,506,509 भा0द0वि0 व 67-A व 66-E आई0टी0 एक्ट थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त किशन चौहान पुत्र अशोक चौहान निवासी ग्राम बबियांव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-02.02.2025 को समय करीब 08.47 बजे बबियांव ताला तिराहा स्थित कृष्णा मार्का ईंट भट्ठे के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोबाईल फोन बरामद हुआ। उक्त सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 28.01.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने विपक्षी किशन चौहान द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर वीडियो वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चोलापुर पर मु0अ0सं0-0035/2025 धारा 376,506,509 भा0द0वि0 व 67-A व 66-E आई0टी0 एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गौतम द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
किशन चौहान पुत्र अशोक चौहान निवासी ग्राम बबियांव थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- बबियांव ताला तिराहा स्थित कृष्णा मार्का ईंट भट्ठे के पास थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-02.02.2025 को समय करीब 08.47 बजे।

बरामदगी का विवरण- घटना में प्रयुक्त 01 अदद एंड्रायड टचस्क्रीन मोबाइल रियल मी बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0035/2025 धारा 376/506/509 भा0द0वि0 व 67-A व 66-E आई0टी0 एक्ट थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 राकेश कुमार गौतम थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 अभिषेक पाण्डेय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3.हे0का0 मो0 शकील अहमद थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।